# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–03.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- राज्यपाल ने आईपीएस अधिकारी शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की, कहा–शहीद रणधीर वर्मा की वीरता व बलिदान पूरे देश के लिए गर्व का विषय।

- आज मनाई गई मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया नमचन।

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर साधा निशाना, कहा–झामुमो और कांग्रेस किसानों के साथ कर रही वादा खिलाफी।

- नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में खूंटी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, पीएलएफआई के तीन नक्सली गिरफ्तार।

- 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का रांची में आयोजन , खेलगांव के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पांच जनवरी से शुभारम्भ।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज भारतीय पुलिस सेवा के वीर अधिकारी अमर शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा की 34वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। धनबाद स्थित रणधीर वर्मा चौक पर आयोजित सभा में राज्यपाल ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि रणधीर वर्मा ने बैंक ऑफ इंडिया, हीरापुर शाखा डकैती को विफल करते हुए अपने कर्तव्य और देशप्रेम का सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत किया।

राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने भी रणधीर वर्मा को श्रद्धांजलि अपिर्त की और कहा कि शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा ने स्वयं को देश के लिए समर्पित कर दिया।

इस मौके पर धनबाद सांसद ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा, उपायुक्त माधवी मिश्रा और अन्य पदाधिकारियों ने भी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

******************

मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 122वीं जयंती पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्हें नमन किया।

इधर, खूंटी में मीरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के पैत्रिक गाँव टकरा स्थित उनकी समाधि स्थल पर सांसद कालीचरण मुंडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, खूंटी विधायक रामसूर्या मुंडा, तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया समेत स्थानीय लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौके पर उपस्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा ने संविधान सभा में जनजातीय और आदिवासी समाज की आवाज को प्रमुखता से रखा था।

******************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है और कहा कि राज्य में किसानों के साथ वादा खिलाफी की जा रही है। उन्होंने राजधानी रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने किसानों से 32 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान की खरीदारी का वादा किया था लेकिन सरकार बनने के बाद किसानों से 24 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान की खरीदारी की जा रही है।

******************

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ की केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली अब पूरे देश में पूर्ण रूप से संचालित है। श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा कि इस प्रणाली के माध्यम से पेंशनभोगी देश में कहीं भी किसी भी बैंक से अपनी पेंशन का भुगतान तेजी से और बिना किसी परेशानी के कर पाएंगे। श्री मांडविया ने कहा कि इससे भौतिक सत्यापन की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी और पेंशन वितरण प्रक्रिया सरल हो जाएगी।

******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में खूंटी पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने जरियागढ़ थाना के बकसपुर जंगल से प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के तीन सक्रिय नक्सलियों गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गये नक्सलियों के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, पीएलएफआइ के 14 पर्चे और चार मोबाइल बरामद किये गये हैं। तोरपा के डीएसपी खिस्टोफर केरकेट्टा ने इसकी पुष्टि की है।

******************

गिरिडीह जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आज उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार और अन्य पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन रवाना किया। इस मौके पर उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने कहा कि जिले की बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्र में निवास करते हैं और राष्ट्रीय राजमार्ग भी गुजरता है इसीलिए दुर्घटनाओं को रोकने में जागरूकता अभियान मददगार साबित होगा।

इधर हजारीबाग जिले में भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।

******************

भारत माला परियोजना के तहत बनाया जा रहा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे चतरा जिले से भी होकर गुजरेगा। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में कड़ाके की ठंड पड़ने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। सर्द हवाओं के कारण एक सप्ताह में तापमान में करीब सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आयी है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले दो दिनों तक कड़ाके की ठंड पड़ती रहेगी। पांच जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में वृद्धि के आसार हैं, जिससे थोड़ी राहत मिल सकती है।

******************

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलों की मेजबानी स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, रांची करेगा। खेलगांव के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पांच जनवरी से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए 17 कमेटियों का गठन किया गया है। झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक शशि रंजन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, टेनिस, साइकिलिंग और हॉकी का आयोजन होगा जिसमें 6000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे।

*******समाप्त*******